प्रधान मंत्री
आवास योजना–शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojna-Urban

# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

हमारा सपना...
हर शहरी गरीब का हो घर अपना



"जीवन हुआ आसान,
जब मिला खुद का आवास..."

लाभुक का नाम - बादल दास
निकाय - जामताड़ा नगर पंचायत
लाभुक संख्या - 208017920311200029

जामताड़ा निवासी 75 वर्षीय बादल दास पेशे से एक मोची हैं। उम्र के इस पड़ाव में जूता चप्पल मरम्मती करके भरे पूरे परिवार के साथ जीवन यापन करते हैं। घर के नाम पर बादल के पास टूटा हुआ कच्चा मकान था, बरसात व ठंड के समय में बहुत तकलीफ होती थी क्योंकि मोची के पेशे से पैसा कमाकर अपना पक्का मकान बनाना बादल के लिए नामुमकिन था। परंतु जब नगर पंचायत के कर्मियों एवं प्रतिनिदियों द्वारा बादल को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बारे में जानकारी दी गई तो बादल के मन में उम्मीद की एक नई किरण जगी कि अब मेरा भी अपना पक्का मकान होगा। नगर पंचायत कर्मियों द्वारा बादल को आवास हेतु आवेदन भरवाया गया एवं आवेदन भरने के उपरांत घर बनना शुरू हो गया। देखते ही देखते मूलभूत सुविधाओं जैसे रसोई-घर, शौचालय, बिजली, पानी इत्यादि से युक्त बादल का अपना पक्का घर बनकर तैयार हो गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत घर बनने से बादल अब अपने पूरे परिवार के साथ स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन यापन कर रहे हैं।

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार
टॉल फ्री नं.: 1800 120 3838 | वेबसाइट: dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA